
# म. प्र. चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्री, ग्वालियर



https://mpcci.in

# eअर्थवार्ता

## मासिक पत्रिका


- आरएनआई/एमपीएचआईएन/1997/6965
- डाक पंजीकृत सं. ग्वालियर / 40020263/2023–25
- वर्ष : 27, अंक : 04
- माह : अक्टूबर 2024

OCTOBER 2024

# आयुक्त एवं सचिव एमएसएमई– डॉ. नवनीत कोठारी के सानिध्य में अंचल की औद्योगिक समस्याओं पर बैठक आयोजित




आयुक्त एवं सचिव एमएसएमई, म. प्र.–डॉ. नवनीत कोठारी जी के सानिध्य में ग्वालियर अंचल की औद्योगिक समस्याओं पर बैठक का आयोजन दिनांक 3 अक्टूबर को 'चेम्बर भवन' में किया गया।

इस अवसर पर आयुक्त एवं सचिव–एमएसएमई डॉ. कोठारी जी ने कहा कि ग्वालियर के उद्योगों को फायर एनओसी विभाग से ही मिले, नगर–निगम में नहीं जाना पड़े, इसलिए भोपाल से समाधान निकाला जाएगा। उद्योगों को सब्सिडी आवंटित बजट के अनुरूप ही प्रदाय की जाती है। प्रदेश स्तर पर उद्योगों के लिए सब्सिडी की डिमांड लगभग 600 करोड़ रूपये है। इस डिमांड को ध्यान में रखते हुए प्रदेश के आगामी बजट में बजट आवंटन हेतु प्रयास किया जाएगा। ग्वालियर अंचल के उद्योगों की समस्याओं का निराकरण प्राथमिकता से करने का प्रयास होगा क्योंकि ग्वालियर मेरा गृह नगर है। मैं, भी ग्वालियर को औद्योगिक विकास के क्षेत्र में अपने पुराने वैभव को प्राप्त करते हुए देखना चाहता हूँ।

आपने कहा कि प्रदेश में उद्योग स्थापित हों, इसके लिए जिला स्तर पर फैसिलिटेशन सेंटर बनाए गए हैं, जहाँ पर उद्योग लगाने के लिए सम्पूर्ण जानकारी प्रदान की जाती है एवं उद्योग लगाने के लिए आवश्यक एनओसी भी इस सेंटर द्वारा उपलब्ध कराई जाती हैं। यह मॉडल गुजरात एवं तमिलनाडु राज्य से मिलता–जुलता है। उद्योगों पर दोहरा करारोपण न हो, इसके लिए प्रयास जारी हैं, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग को इस विषय पर चिट्ठी लिखी गई है। आशा है इस पर सकारात्मक परिणाम आएगा। आपने कहा कि उद्योग स्थापित करने में किस प्रकार कॉन्टेक्ट पर्सन कम किए जाएं, इस पर उद्योगों से सुझाव आमंत्रित हैं। म. प्र. लघु उद्योग निगम की ओर से इंदौर एवं जबलपुर में टेस्टिंग लैब स्थापित की गई हैं। ग्वालियर में किस प्रकार के लैब की आवश्यकता है, उसकी सूची उपलब्ध कराएँ, तो टेस्टिंग लैब की एक ब्रांच ग्वालियर में भी स्थापित कराई जाएगी। ग्वालियर में पूर्व में संचालित होने वाले इण्डो–जर्मन टूल रूम को रिवाइव कराया जाएगा। आपने शंकरपुर एवं गिरवाई औद्योगिक क्षेत्र को नोटिफ इड एरिया घोषित करने के लिए प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश महाप्रबंधक, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र–श्री के. एस. सोलंकी को दिए। इण्डिस्ट्रयल एरिया से अतिक्रमण हटाने को लेकर स्थानीय प्रशासन से चर्चा कर, कार्यवाही की जाएगी। इसके अतिरिक्त आपके द्वारा जो समस्याएं बैठक में रखी गई हैं, उनका यथासंभव निराकरण किया जाएगा।

बैठक के प्रारंभ में संयुक्त अध्यक्ष–हेमंत गुप्ता द्वारा मुख्य अतिथि का स्वागत किया गया। इस अवसर पर स्वागत उद्बोधन में आपने कहा कि हमारे आज के अतिथि म. प्र. चेम्बर ऑफ कॉमर्स के पड़ौसी भी हैं। इसलिए हमें आशा है कि वह ग्वालियर के उद्योगों की समस्याओं का समाधान कर, उद्यमियों को राहत प्रदान करेंगे।

कार्यक्रम का संचालन कर रहे, मानसेवी सचिव–दीपक अग्रवाल ने कहा कि उद्योगों को फायर एनओसी के लिए नगर–निगम के पास जाना पड़ता है, उन्हें एनओसी उद्योग विभाग से ही मिलना चाहिए। सरकार द्वारा लोक लुभावन योजनाओं की राशि तो हर माह प्रदान की जा रही है, लेकिन उद्योगों की सब्सिडी विगत कई वर्ष से लंबित है, जो कि मात्र 15 करोड़ रूपये है। सब्सिडी न मिलने के कारण उद्योगों को काफी परेशानी हो रही है। ग्वालियर में उद्योग स्थापित करने के लिए सिंगल विण्डो सिस्टम स्थापित होना चाहिए। आपने कहा कि उद्योगों से उद्योग विभाग संधारण शुल्क लेता एवं नगर–निगम द्वारा संपत्ति कर लिया जाता है। यह दोहरा करारोपण समाप्त होना चाहिए।

बैठक में उद्यमियों ने अवगत कराया कि महाराजपुरा में विद्युत ट्रिपिंग की समस्या के चलते काफी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। वहीं क्षेत्र में पानी के निकास की व्यवस्था न होने से बारिश में इकाईयों में पानी भर जाता है, इससे उद्योगों में तालाबंदी करना पड़ती है। सड़के काफी जर्जर हो चुकी है। तानसेन नगर इण्डस्ट्रियल एरिया में तीन गेट थे, जिनमें से 2 गेट अतिक्रमण के कारण बंद हो चुके हैं। इण्डस्ट्रियल एरिया के विस्तार के लिए रंगमिल क्षेत्र की 32 बीघा जमीन में उद्योगों को भूमि आवंटित की जाना चाहिए। बाराघाट इण्डस्ट्रियल एरिया की सीवर लाइन को मैन लाइन से जोड़ा जाए, यहां के ग्रीन बेल्ट एरिया से अतिक्रमण को हटाकर इसका कब्जा एसोसिएशन को दिया जाए, एसोसिएशन अपने खर्चेसे इस क्षेत्र को विकसित करेगा। जिला स्तर पर उद्योग संवर्धन की बैठक विगत कई वर्ष से नहीं हो रही है। यह प्रारंभ की जाना चाहिए। इण्डस्ट्रियल एरिया में निर्माण की परमीशन डीआईसी से मिले न कि नगर–निगम से क्योंकि वहाँ पर परमीशन में काफी समय लगाया जाता है। शंकरपुर एवं गिरवाई को भी नोटिफाइड एरिया घोषित किया जाए। म. प्र. के समीपर्ती राज्यों से कृषि उपज आयात करने पर मण्डी शुल्क पुन: लिया जाता है, इसे न लिया जाए। तेल मिलों को सब्सिडी प्रदान की जाए। मोर्टगेज लोन को एक बैंक से दूसरे बैंक में ट्रांसफर कराने पर पूरी स्टाम्प ड्यूटी मांगी जाती है, जबकि शासन से नोटिफि केशन अनुसार यह मात्र एक हजार रूपये ली जाना चाहिए। रजिस्ट्रार, गजट नोटिफिकेशन को अनदेखा करते हैं। संधारण शुल्क की दरें 6 रूपये प्रति वर्गफुट से बढ़ाकर अब 10 रूपये प्रति वर्गफु ट कर दी गई हैं, यह वृद्धि वापिस ली जाना चाहिए।

बैठक में उपाध्यक्ष–डॉ. राकेश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष–संदीपनारायण अग्रवाल सहित पूर्व अध्यक्ष–डॉ. वीरेन्द्र कुमार गंगवाल, पूर्व मानसेवी संयुक्त सचिव–श्री ललित गुप्ता, पूर्व मानसेवी संयुक्त सचिव एवं ग्वालियर इण्डस्ट्रीज एसोसिएशन के अध्यक्ष–श्री जगदीश मित्तल, महाराजपुरा इण्डस्ट्रीज एसोसिएशन के अध्यक्ष–श्री प्रकाश रोहिरा, सचिव–श्री कपिल जयसिंघानी, बाराघाटा इण्डस्ट्रीज एसोसिएशन के अध्यक्ष–श्री सोबरन सिंह तोमर, शंकरपुर उद्योग नगरी के अध्यक्ष–श्री राजेन्द्र तलूजा, गिरवाई लघु उद्योग संघ से श्री सौरभ गुप्ता, मुरैना मिलर्स एसोसिएशन से सीए श्याम गोयल, तानसेन इण्डस्ट्रियल एसोसिएशन–श्री अनिल भारद्वाज, तानसेन इण्डिस्ट्रयल एस्टेट से श्री सुनील अग्रवाल, मालनपुर इण्डस्ट्रीज एसोसिएशन से श्रीमती मीतू अग्रवाल सहित एमएसएमई उपसमिति के सहसंयोजक – श्री संजय धवन, उद्यमी श्री सुरेन्द्र अग्रवाल सहित काफी संख्या में उद्यमी उपस्थित थे।

http://www.mpcci.in
eअर्थवार्ता
मासिक पत्रिका

# निवेशक लालच में न फंसें, प्रोमिसिंग रिटर्न की बातों में कभी न आएँ : शब्दा मिश्रा, डिप्टी मैनेजर, NSE

## निवेशक जागरूकता सेमिनार 'चेम्बर भवन' में आयोजित




निवेशक जागरूकता सेमिनार का आयोजन दिनांक 19 अक्टूबर को 'चेम्बर भवन' में किया गया। इस अवसर पर नेशनल स्टॉक एक्सचेंज की डिप्टी मैनेजर सुश्री शब्दा मिश्रा ने कहा कि हमें निवेश करते समय यह ध्यान रखना चाहिए कि हमारा पैसा सुरक्षित रहे और जब हमें पैसे की जरूरत हो, तत्काल पैसा मिले। लालच में न फं सें तथा प्रोमिसिंग रिटर्न की बातों में कभी न आएँ। यदि कोई आपको ऐसा कह रहा है, तो इसकी शिकायत सेबी को जरूर करें। आपने कहा कि अपना धन निवेश करने के लिए जागरूकता बहुत आवश्यक है। जब हम जागरूक नहीं होते हैं, तब हमें यह नहीं मालूम होता है कि यदि हमारे पैसे डूब जाएं, तो हम उन्हें कैसे प्राप्त करें। एनएसई का कम्पलीट रिड्रेसल मैकेनिज्म है, जिसमें न्यायालय की अपेक्षा बहुत कम फीस मात्र 4 हजार में आपके प्रकरण का समाधान हो सकता है। यह प्रक्रिया भी ऑनलाइन होती है। एनएसई और सेबी द्वारा आपका पैसा सुरक्षित रखने के लिए कई नवाचार किए गए हैं। एफ एनओ को लेकर सेबी की एडवाइजरी आई है क्योंकि एफ एनओ में 90% लोगों ने अपना पैसा लूज किया है। इसमें आय की सीमा तय की जा रही है, ताकि उससे नीचे की आय वाले इसमें पैसा नहीं लगा पाएँ क्योंकि एफ .एन.ओ. में रिटेल निवेशक लूज कर रहे थे और जो बड़े निवेशक हैं, वह इससे गेन कर रहे थे। आपने कहा कि निवेश करने से पहले हमें फाइनेंशियल प्लानिंग के तहत अपने गोल्स तय करने होंगे कि हमें पैसा शॉर्ट टर्म के लिए निवेश करना है, मीडियम टर्म के लिए अथवा लांग टर्म के लिए इन्वेस्ट करना है। यह गोल्स हमारी जरूरतों के आधार पर तय होते हैं। इसके बाद हमें एसेट आईडेंटिफ ाय करना चाहिए कि हम शॉर्ट टर्म के लिए कहाँ निवेश करें, मीडियम टर्म और लांग टर्म के लिए कहाँ निवेश करें। शॉर्ट टर्म के लिए फि क्स्ड डिपॉजिट, मीडियम टर्म के लिए म्युच्यूल फण्ड बेहतर होता है। सेबी ने एक फायनेंशिल केलकुलेटर लांच किया है, जिसमें अवधि के अनुसार अपना रिटर्न केलकुलेट कर सकते हैं। आपने कहाकि पल्स नाम से एक स्कीम आई थी, जिसमें हाई रिटर्न का प्रोमिस किया गया था। इसी प्रकार आपके पास और भी एसएमएस के माध्यम से सूचनाएं निवेश पर हाई रिटर्न देने के संबंध में प्राप्त होती हैं। वह एस्योर और फि क्स्ड रिटर्न देने का वायदा करते हैं तो कभी भी इसमें न फंसे क्योंकि मार्केट को आप कंट्रोल नहीं कर सकते हो, वह अपने हिसाब से ही चलता है। डेयरिवेटिव और एफ एनओ में जिन्हें बाजार की समझ हो, वही निवेश करें क्योंकि वह बहुत ही रिस्की है। आपने पॉवर पॉइंट प्रजेंटेशन के माध्यम से विस्तृत जानकारी प्रदान की।

इससे पूर्व स्वागत उद्बोधन में अध्यक्ष-डॉ. प्रवीण अग्रवाल ने कहा कि आज के सेमिनार का विषय फायनेंस से जुड़ा है। हम पैसा दूसरे के उपक्रम में निवेश करते हैं, ताकि वह अच्छा व्यापार एवं उद्योग चलाएगा, तो हमें भी अच्छा रिटर्न मिलेगा। हम जितनी जानकारी रखते हैं, उसके आधार पर हम इंवेस्ट करते हैं। हमें निवेश करते समय क्या सावधानियाँ रखनी चाहिए ? यही इस सेमिनार का उद्देश्य है।

सेमिनार में एक ऑनलाइन क्विज भी सभी प्रतिभागियों द्वारा खेला गया। इसका प्रथम पुरस्कार-श्री आशीष अग्रवाल, द्वितीय पुरस्कार-श्री पंकज गोयल एवं तृतीय पुरस्कार-श्री मनोज बंसल एवं श्री प्रणय अग्रवाल को दिया गया। सवाल-जवाब सेशन में उपस्थित महानुभावों द्वारा अपनी जिज्ञासाओं संबंधी प्रश्न किए गए, जिनका समाधान सुश्री शब्दा मिश्रा द्वारा किया गया।

सेमिनार का संचालन, मानसेवी सचिव-दीपक अग्रवाल द्वारा किया गया। अंत में आभार, कार्यकारिणी सदस्य-श्री आशीष अग्रवाल ने किया। इस अवसर पर कार्यकारिणी सदस्य-सर्वश्री नंदकिशोर गोयल, भरत कुमार बंसल, सुशांत सिंघल सहित सदस्य-सर्वश्री संजय धवन, पंकज गोयल, नरेश अग्रवाल, मुकेश बंसल, निखिल सिंघल, के. एल. भोजवानी, संजय चुघ, तन्वी अग्रवाल, दीपक जैन, प्रणय अग्रवाल, गोविंद बागरोदिया, कमल नागपाल, बालकृष्ण खण्डेलवाल, दिनेश अग्रवाल, दीपक शुक्ला, मनोज बंसल, संदीप गाबरा आदि उपस्थित थे।

# 'संवाद' : समूह क्र. 32, 34, 41 की बैठक आयोजित




समूह क्रमांक–32 (सीमेन्ट व्यवसाय), समूह क्रमांक–34 (ट्रांसपोर्ट व्यवसाय) एवं समूह क्रमांक–41 (कोयला, पेंट एवं सायकिल व्यवसाय) की बैठक 16 अक्टूबर,24 आयोजित की गई।

इस अवसर पर स्वागत उद्बोधन देते हुए, अध्यक्ष–डॉ. प्रवीण अग्रवाल ने कहा कि हमारी टीम द्वारा 'चेम्बर संवाद' प्रारंभ किया गया है, जिससे संस्था के साधारण सदस्य अपनी बात खुलकर यहाँ आकर रख सकें। 'संवाद' में न केवल व्यापारिक समस्याएं बल्कि चेम्बर एवं व्यापार हित में आपके सुझाव भी आमंत्रित हैं।

बैठक का संचालन कर रहे, मानसेवी सचिव–दीपक अग्रवाल ने कहा कि समूह के सदस्यों की समस्याएँ रखने का माध्यम 'चेम्बर संवाद' है। अब तक आयोजित किए गए 'संवाद' में जिन समस्याओं को रखा गया है, उनमें से कई का समाधान हुआ है, लेकिन शहर की यातायात व्यवस्था में अपेक्षाकृत सुधार देखने को नहीं मिल पा रहा है, इसके लिए हम निरंतर प्रयासरत हैं।

आज आयोजित 'संवाद' में व्यवसायियों ने बताया कि शहर के बाजारों में ट्रैफि क की समस्या गंभीर है, इसका निराकरण किया जाना आवश्यक है। सीमेंट के रैक पूर्व में रेलवे स्टेशन पर आते थे, अब रायरू पर स्थानांतरित कर दिया गया है। वहाँ पर रैक खाली करने में काफी समय लगने से परेशानी होती है। ट्रांसपोर्ट नगर में सड़क की समस्या गंभीर है। ट्रांसपोर्ट नगर में मुख्य सड़क पर वाहन स्थायी रूप से खड़े रहते हैं तथा जो पार्किंग एरिया है, वहाँ पर अतिक्रमण के कारण ट्रकों की पार्किंग नहीं हो पाती है। ट्रकों की एंट्री रात्रि में 11 बजे कर दी गई है, यह पूर्व की भांति 10 बजे ही रखी जाए। शहर में ट्रांसपोर्ट नगर एक ही है, इस कारण भोपाल, इंदौर एवं झांसी से आने वाले वाहनों को 50–60 किमी का चक्कर शहर में आने के लिए लगाना होता है, इसमें टोल तो लगता है, साथ ही ईंधन की खपत भी बढ़ जाती है। वहीं म. प्र. में डीजल के रेट पड़ौसी राज्यों से ज्यादा हैं, इस कारण ट्रांसपोर्ट व्यवसाय प्रभावित हो रहा है। ट्रांसपोर्ट नगर अब नगर–निगम को हैण्डओवर हो गया है, इसके बाद भी जीडीए द्वारा मेंटेनेंस शुल्क लिया जा रहा है तथा नगर–निगम प्रॉपर्टी टैक्स लेती है, लेकिन सुविधाएँ ट्रांसपोर्ट नगर में कोई भी उपलब्ध नहीं करा रहा है। वहीं ट्रांसपोर्ट नगर में यदि कोई कंस्ट्रक्शन करना हो तो अनुमति अब भी जीडीए से लेना होती है। ट्रांसपोर्ट नगर में 6 शौचालय हैं, लेकिन उन पर अतिक्रमण हो चुका है, यह अतिक्रमण हटाया जाए। एसोसिएशन इसका संचालन करने के लिए तैयार है। सायकिल हमारे पर्यावरण को स्वच्छ बनाए रखने में सहयोगी है और यह हमें सेहतमंद भी बनाती है। सायकिल पर जीएसटी की दर वर्तमान में 12% है, जिसे घटाकर 5% किया जाना चाहिए।

बैठक के अंत में आभार, उपाध्यक्ष–डॉ. राकेश अग्रवाल द्वारा व्यक्त किया गया। बैठक में मानसेवी संयुक्त सचिव–पवन कुमार अग्रवाल, कोषाध्यक्ष–संदीप नारायण अग्रवाल सहित कार्यकारिणी समिति सदस्य–सर्वश्री राजेश बंसल, नरेन्द्र मंगल एवं सदस्य–सर्वश्री लेखराज रावल, विपिन गर्ग, नवीन नेनानी, जितेन्द्र गर्ग, दीपक शुक्ला आदि उपस्थित थे।

# कार्यकारिणी समिति की बैठक

दिनांक 23 अक्टूबर,24 को आयोजित कार्यकारिणी समिति की बैठक में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय :-

* संस्था की सदस्यता हेतु प्राप्त आवेदनों पर विचार कर, निम्नलिखित फर्मों को सदस्यता प्रदान करने का निर्णय लिया गया-

1. मेसर्स हर्ष फार्मा, बालाबाई का बाजार, लश्कर, ग्वालियर.
2. मेसर्स कैलादेवी फायर वर्क्स, दही मण्डी, दौलतगंज, लश्कर
3. मेसर्स अजय कुमार आर्म्स एण्ड एम्यूनिशन डीलर, मुरार.
4. मेसर्स न्यू कमल वॉच, राममंदिर रोड, गश्त का ताजिया
5. मेसर्स डेलाईट होटल, डिलाईट टॉकीज के सामने, नईसड़क
6. मेसर्स के. के. मेटल, सदर बाजार, मुरार, ग्वालियर.
7. मेसर्स हरीश एण्ड संस, जिंसी वालों का बाड़ा, ग्वालियर.
8. मेसर्स पीरचन्द एंड संस, सराफा बाजार, लश्कर, ग्वालियर.
9. मेसर्स कस्टल इंटरप्राईजेज, 96, साकेत नगर, ग्वालियर.
10. मेसर्स स्वास्तिक ज्वेलर्स, सराफा बाजार, लश्कर, ग्वालियर
11. मेसर्स एन. अंकित कुमार, हेमराज क्लॉथ मार्केट, बाड़ा
12. मेसर्स ध्रुव अग्रवाल, 22, ओल्ड खेड़ापति कॉलोनी, फूलबाग
13. मेसर्स गजानन ट्रेडर्स, गुर्री वालों का बाड़ा, दाल बाजार
14. मेसर्स अमन बैग, फालके का बाड़ा, फालका बाजार, ग्वा.
15. मेसर्स एस. आर. ट्रेडर्स, भौंसले की गोठ, नया बाजार.
16. मेसर्स ए. के. डैवलपर्स, गंगामाई संतर, मुरार, ग्वालियर.
17. मे. सुवर्णा जैम्स एण्ड ज्वेलरी इंटरनेशनल, सराफ ा बाजार
18. मेसर्स लोहिया सेल्स, लोहिया बाजार, लश्कर, ग्वालियर.
19. मेसर्स हरिलीला फ्यूल स्टेशन, गोल पहाड़िया, ए. बी. रोड
20. मेसर्स कृपा हरिलीला फ्यूल, रामाजी की पुलिया, बहौड़ापुर
21. मेसर्स सांई हरिलीला पेट्रोलियम, सचिन तेंदुलकर मार्ग
22. मेसर्स श्री हरिलीला सर्विस, ए. बी. रोड, लक्ष्मीगंज, लश्कर
23. मेसर्स पीसी केयर टेक्नोलॉजी प्रा.लि., अनुपम नगर, सिटी सेंटर, ग्वालियर.
24. मेसर्स प्रखर ट्रेडर्स, गिर्राज क्लॉथ मार्केट, नया बाजार.
25. मे. अविघ्ना इंटरप्राईजेज, दाल बाजार, लश्कर, ग्वालियर

* फिक्की की 97वीं ''वार्षिक साधारण सभा'' हेतु चेम्बर के प्रतिनिधि मण्डल हेतु सदस्य महानुभावों के नाम तय किए गए।

* मेसर्स श्री महालक्ष्मी आरा मशीन एवं फर्नीचर मार्ट का नाम परिवर्तित करने का निर्णय लिया गया।

* ''दीपावली मिलन समारोह'' के आयोजन की विस्तृत रूपरेखा, संयोजक-श्री हेमन्त गुप्ता द्वारा प्रस्तुत की गई।

# अक्टूबर 2024 के महत्वपूर्ण प्रयास...

* केन्द्रीय रेलमंत्री-माननीय श्री अश्विनी वैष्णव, केन्द्रीय संचार मंत्री-श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया एवं सांसद-माननीय श्री भारत सिंह कुशवाह को पत्र प्रेषित कर, ट्रेन नं. 12320/12319 (ग्वालियर-कोलकता एक्सप्रेस) का स्टॉपेज पारसनाथ स्टेशन पर उपलब्ध कराए जाने तथा एलटीटी-हरिद्वार के मध्य संचालित ट्रेन नं.-12171/12172 ए. सी. एक्सप्रेस का स्टॉपेज ग्वालियर रेलवे स्टेशन पर उपलब्ध कराए जाने की माँग की गई।

* संभागीय आयुक्त, ग्वालियर संभाग, जिलाधीश-ग्वालियर, पुलिस अधीक्षक-ग्वालियर एवं आयुक्त, नगर-निगम, ग्वालियर को पत्र प्रेषित कर, 'दीपावली त्यौहार' पर शहर में विधानसभा वार रिक्त मैदानों पर अस्थाई 'दीपावली बाजार' लगाए जाने की माँग की गई।

* मुख्य महाप्रबंधक, आरबीआई, मुम्बई एवं क्षेत्रीय प्रबंधक, लीड बैंक को पत्र प्रेषित कर, छोटे दुकानदारों से सिक्के एवं छोटे नोट बैंकों द्वारा जमा नहीं किए जाने से उत्पन्न समस्या के उचित समाधान की माँग की गई।

* जिलाधीश-ग्वालियर, पुलिस अधीक्षक-ग्वालियर एवं आयुक्त, नगर-निगम, ग्वालियर को पत्र प्रेषित कर, 'पाटनकर बाजार चौराहा' से सवारी ऑटो स्टेण्ड हटाए जाने की माँग की गई।

* केन्द्रीय संचार मंत्री-श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया को पत्र प्रेषित कर, ग्वालियर में स्थित पोस्ट ऑफि स पासपोर्ट सुविधा केन्द्र को बड़ी एवं सर्वसुविधायुक्त स्थान पर स्थानांतरित करने की माँग की गई।

* आयुक्त एवं सचिव, एमएसएमई, भोपाल को पत्र प्रेषित कर, ग्वालियर अंचल की औद्योगिक समस्याओं के निराकरण की माँग की गई।

* नगरीय विकास एवं आवास मंत्री-माननीय श्री कैलाश विजयवर्गीय, आयुक्त, नगरीय विकास एवं आवास विभाग, म. प्र. शासन-श्री भरत यादव तथा आयुक्त, नगर-निगम, ग्वालियर को पत्र प्रेषित कर, वर्ष 2022-23 में जमा किए गए 'गारबेज शुल्क' का युक्तियुक्तकरण किए जाने सहित आगामी वर्षों में समायोजित किए जाने तथा 1000 वर्गफीट तक की दुकानों को गोदाम बताकर 10 हजार रुपये गारबेज शुल्क मांगे जाने का विरोध किया गया।

http://www.mpcci.in
eअर्थवार्ता
मासिक पत्रिका

# चेम्बर के प्रतिनिधि मण्डल ने सूरत (गुजरात) में मेसर्स सोलर मॉड्युल मैन्यूफैक्चरिंग इकाई सहित अन्य दर्शनीय स्थलों का किया भ्रमण




पहल सोलर इण्डस्ट्री का अवलोकन कर, यूनिट की बारीकियों को समझते हुए.

मेसर्स पहल सोलर प्रा. लि., सूरत के आमंत्रण पर दिनांक 8, 9 व 10 अक्टूबर,24 को MPCCI के 09 सदस्यीय प्रतिनिधि मण्डल ने उक्त इकाई सहित अन्य दर्शनीय स्थलों का भ्रमण किया। प्रतिनिधि मण्डल की इस विजिट के सफल आयोजन में मेसर्स पहल सोलर प्रा. लि. के प्रबंधन की अहम् व सराहनीय भूमिका रही। संस्था का प्रतिनिधि मण्डल भ्रमण के इस आयोजन से अभिभूत हुआ। इस दौरान प्रतिनिधि मण्डल द्वारा ''स्टेच्यू ऑफ यूनिटी'' का भी भ्रमण किया गया।



सोलर प्लांट का अवलोकन करते हुए.

इस अवसर पर प्रतिनिधि मण्डल ने उक्त सोलर कं. के साथ-साथ समूचे गुजरात राज्य में ''कार्य संस्कृति और वातावरण'' की सराहना की गई है।

**प्रतिनिधि मण्डल में :** मानसेवी सचिव-श्री दीपक अग्रवाल, मानसेवी संयुक्त सचिव-श्री पवन कुमार अग्रवाल, कार्यकारिणी सदस्य सर्वश्री-प्रशांत सिंघल, प्रवीण अग्रवाल सहित सदस्य-सर्वश्री धीरज गुप्ता, अनरुद्ध मण्डेलिया, दीपक जेठवानी, निखिल सिंघल एवं अर्जुन मण्डेलिया शामिल थे।

# MPCCI के प्रतिनिधि मण्डल ने 'ट्रांसपोर्ट नगर' की जर्जर सड़कों के निर्माण की माँग को लेकर सांसद-माननीय श्री भारत सिंह कुशवाह से की भेंट



म. प्र. चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्री के नेतृत्व में व्यवसाईयों के एक प्रतिनिधि मण्डल ने दिनांक 1 अक्टूबर को ग्वालियर के सांसद-माननीय श्री भारत सिंह कुशवाह से उनके बंगले पर भेंट की और उन्हें ट्रांसपोर्ट नगर की वस्तुस्थिति से अवगत कराते हुए कहा कि 'ट्रांसपोर्ट नगर' वर्तमान में अपने सबसे खराब दौर से गुजर रहा है। 'ट्रांसपोर्ट नगर' की दुर्दशा के कारण व्यापारियों को अपना कारोबार करना मुश्किल हो गया है क्योंकि शहर का प्रत्येक व्यापारी अपने कारोबार की दृष्टि से सीधे तौर पर ट्रांसपोर्ट नगर से जुड़ा हुआ है, परन्तु 'ट्रांसपोर्ट नगर'की अत्यन्त जर्जर सड़कों का सीधा असर व्यापार पर पड़ रहा है क्योंकि पूरे क्षेत्र में यही समझ में नहीं आ रहा है कि सड़क आखिर कहाँ पर है। यहाँ की सभी सड़कें गड्ढों में बदल चुकी हैं। व्यापारियों ने माननीय सांसद से कहा कि शहर के बाहर से आने वाले माल की अनलोडिंग सहित शहर से जाने वाले माल की ट्रकों में लोडिंग होना सहित ट्रकों का ट्रांसपोर्ट नगर की सड़कों पर चलना अत्यन्त ही चुनौती पूर्ण कार्य बन चुका है क्योंकि लोडिंग वाहन अथवा कोई व्यवसाई कब किस गड्ढे में गिरकर दुर्घटना का शिकार हो जाए, कुछ पता नहीं है।

इस अवसर पर चेम्बर पदाधिकारियों एवं ट्रांसपोर्ट नगर के व्यवसाईयों ने सांसद-श्री कुशवाह जी से कहा कि आपने ट्रांसपोर्ट नगर की सड़कों का निर्माण कार्य शीघ्र प्रारम्भ होने की बात कही थी।

सांसद-माननीय श्री भारत सिंह कुशवाह ने प्रतिनिधि मण्डल की बातों को काफी गंभीरता सुना और आयुक्त, नगर-निगम से फोन पर बात कर, 'ट्रांसपोर्ट नगर' की सड़कों के निर्माण की प्रक्रिया को शीघ्र सम्पन्न करने के लिए निर्देशित किया। साथ ही, प्रतिनिधि मण्डल को आश्वास्त करते हुए कहा कि 'ट्रांसपोर्ट नगर' मेरी प्राथमिकता में है और इसकी सड़कों का उच्च गुणवत्ता युक्त निर्माण अवश्य ही शीघ्रातिशीघ्र प्रारम्भ होगा।

प्रतिनिधि मण्डल में अध्यक्ष-डॉ. प्रवीण अग्रवाल, संयुक्त अध्यक्ष-हेमन्त गुप्ता, उपाध्यक्ष-डॉ. राकेश अग्रवाल, मानसेवी सचिव-दीपक अग्रवाल एवं पूर्व उपाध्यक्ष-श्री पारस जैन, कार्यकारिणी सदस्य-श्री आशीष जैन, श्री राहुल अग्रवाल सहित ट्रांसपोर्ट नगर के व्यवसाई-सर्वश्री राजकुमार माहेश्वरी, राजीव मोदी, मनोज अरोरा, जगजीत सिंह राणा, रहीश खान व राशीद खान आदि शामिल थे।




# RVST, GWALIOR AIRPORT

## WINTER Flight Schedule period 27.10.24 to 29.03.25

| DAYS | S.No. | Operator Name | FLIGHT NO | TYPE OF AIRCRAFT | ORIGIN | S.T.A | FLIGHT NO | DESTINATION | S.T.D | Remarks |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| MONDAY | 1 | INDIGO AIRLINES | 6E-2117 | A 320N | DEL - GWL | 12:00 | 6E-2118 | GWL - DEL | 12:35 | All Days |
| | 2 | AKASA AIR | QP-1781 | B737-800 | AMD-GWL | 13:00 | QP-1108 | GWL-AMD | 13:35 | Monay |
| | 3 | AIR INDIA EXPRESS | IX-2542 | B737-800 | BLR-GWL | 13:50 | IX-2516 | GWL-BLR | 14:20 | All Days |
| | 4 | INDIGO AIRLINES | 6E-2084 | A 320N | BOM-GWL | 14:00 | 6E-2085 | GWL-BOM | 14:30 | All Days |
| TUESDAYS | 1 | INDIGO AIRLINES | 6E-2117 | A 320N | DEL - GWL | 12:00 | 6E-2118 | GWL - DEL | 12:35 | All Days |
| | 2 | AIR INDIA EXPRESS | IX-2542 | B737-800 | BLR-GWL | 13:50 | IX-2516 | GWL-BLR | 14:20 | All Days |
| | 3 | INDIGO AIRLINES | 6E-2084 | A 320N | BOM-GWL | 14:00 | 6E-2085 | GWL-BOM | 14:30 | All Days |
| WEDNESDAY | 1 | AIR INDIA EXPRESS | IX-2837 | B737-800 | HYD- GWL | 8:50 | IX-2838 | GWL-HYD | 9:20 | WED,THU |
| | 2 | INDIGO AIRLINES | 6E-2117 | A 320N | DEL - GWL | 12:00 | 6E-2118 | GWL - DEL | 12:35 | All Days |
| | 3 | AIR INDIA EXPRESS | IX-2542 | B737-800 | BLR-GWL | 13:50 | IX-2516 | GWL-BLR | 14:20 | All Days |
| | 4 | INDIGO AIRLINES | 6E-2084 | A 320N | BOM-GWL | 14:00 | 6E-2085 | GWL-BOM | 14:30 | All Days |
| THURSDAY | 1 | AIR INDIA EXPRESS | IX-2837 | B737-800 | HYD- GWL | 8:50 | IX-2838 | GWL-HYD | 9:20 | WED,THU |
| | 2 | INDIGO AIRLINES | 6E-2117 | A 320N | DEL - GWL | 12:00 | 6E-2118 | GWL - DEL | 12:35 | All Days |
| | 3 | AIR INDIA EXPRESS | IX-2542 | B737-800 | BLR-GWL | 13:50 | IX-2516 | GWL-BLR | 14:20 | All Days |
| | 4 | INDIGO AIRLINES | 6E-2084 | A 320N | BOM-GWL | 14:00 | 6E-2085 | GWL-BOM | 14:30 | All Days |
| FRIDAY | 1 | INDIGO AIRLINES | 6E-2117 | A 320N | DEL - GWL | 12:00 | 6E-2118 | GWL - DEL | 12:35 | All Days |
| | 2 | AIR INDIA EXPRESS | IX-2542 | B737-800 | BLR-GWL | 13:50 | IX-2516 | GWL-BLR | 14:20 | All Days |
| | 3 | INDIGO AIRLINES | 6E-2084 | A 320N | BOM-GWL | 14:00 | 6E-2085 | GWL-BOM | 14:30 | All Days |
| SATURDAY | 1 | INDIGO AIRLINES | 6E-2117 | A 320N | DEL - GWL | 12:00 | 6E-2118 | GWL - DEL | 12:35 | All Days |
| | 2 | AIR INDIA EXPRESS | IX-2542 | B737-800 | BLR-GWL | 13:50 | IX-2516 | GWL-BLR | 14:20 | All Days |
| | 3 | INDIGO AIRLINES | 6E-2084 | A 320N | BOM-GWL | 14:00 | 6E-2085 | GWL-BOM | 14:30 | All Days |
| SUNDAY | 1 | INDIGO AIRLINES | 6E-2117 | A 320N | DEL - GWL | 12:00 | 6E-2118 | GWL - DEL | 12:35 | All Days |
| | 2 | AIR INDIA EXPRESS | IX-2542 | B737-800 | BLR-GWL | 13:50 | IX-2516 | GWL-BLR | 14:20 | All Days |
| | 3 | INDIGO AIRLINES | 6E-2084 | A 320N | BOM-GWL | 14:00 | 6E-2085 | GWL-BOM | 14:30 | All Days |

**प्रेषक :** स्वामी म. प्र. चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्री के लिए प्रकाशक, दीपक अग्रवाल द्वारा ग्राफिक्स वर्ल्ड, ग्वालियर से डिजाइन तथा 'चेम्बर भवन', एस.डी.एम. मार्ग, ग्वालियर से प्रकाशित. संपादक–दीपक अग्रवाल, दूरभाष–2371691,2632916,2382917